मॉडल प्रश्न–पत्र–III

कक्षा – बारहवीं

विषय – भूगोल

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खंड है। खण्ड–अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है)
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)
8. प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए है।

(खण्ड अ)

प्रश्न 1. **सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) भूगोल की मुख्य शाखाएँ है–

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(ii) पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत है–

(अ) भूपर्पटी (ब) नीफे

(स) सीमा (द) सियाल

(iii) महाद्वीपीय निमग्न तट और वितल मैदान के बीच स्थित है–

(अ) महाद्वीपीय ढाल (ब) वितल मैदान

(स) गर्त (द) समुद्री टीले

(iv) पृथ्वी की सतह पर सूर्याताप आता है–

(अ) लघु तरंगों में (ब) दीर्घ तरंगों में

(स) दोनों तरंगों में (द) इनमें से कोई नहीं

(v) निम्नलिखित में से कौन–सा उपभोक्ता उद्योग है–

(अ) पेट्रो रसायन (ब) लोहा एवं इस्पात

(स) चितरंजन लोकोमोटिव (द) चीनी उद्योग

(खण्ड ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(i) .... एक प्राचीन भू–विज्ञान है।

(ii) भू–गर्भ की ओर तापमान .... जाता है।

(iii) मुम्बई और दिल्ली 70% से ज्यादा अन्तरद्विपीय .... के लिए प्रवेश द्वारा है।

(iv) कोयले के प्रयोग से विद्युत उत्पादन .... शक्ति है।

(v) भारत खनिज संसाधनों में बहुत ही .... है।

(खण्ड स)

सत्य/असत्य बताइए– (1 × 5 = 5)

(i) चौरस शिखर वाला जलमग्न ज्वालामुखी समुद्री टीला कहलाता है।

(ii) ठंडी वायु हल्की होती है।

(iii) सन् 1987 में राष्ट्रीय जल नीति पारित की गई।

(iv) क्षेत्रफल की दृष्टि भारत संसार का सातवां बड़ा देश है।

(v) उत्तरी मैदानों में पूर्व से पश्चिम की ओर वर्षा की मात्रा घटती जाती है।

(खण्ड द)

सही जोड़ी मिलाइए– (1 × 5 = 5)

(i) प्रेयरी	–	तमिलनाडु
(ii) पम्पास	–	बिहार
(iii) उदगमंडलम (ऊटी)	–	केरल
(iv) सर्वोच्च साक्षरता वाले राज्य	–	उत्तरी अमेरिका
(v) कम साक्षरता वाले राज्य	–	दक्षिण अमेरिका

प्रश्न 2. भूगोल के उपागम लिखिए। (2)

प्रश्न 3. शैल क्या है ? (2)

प्रश्न 4. तरंग दैर्ध्य की परिभाषा दीजिए। (2)

प्रश्न 5. वायु मंडल की दो प्रमुख गैस कौन–सी है। (2)

प्रश्न 6. पारिस्थितिकी को परिभाषित कीजिए। (2)

प्रश्न 7. भारत के पड़ोसी देशों के नाम बताइए। (2)

प्रश्न 8. बांगर किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 9. भारत में सिंचाई का सर्व प्रमुख दो साधन कौन–सा है ? (2)

प्रश्न 10. देश में जल के असमान वितरण के लिए उत्तरदायी मुख्य घटक का नाम बताइए। (2)

प्रश्न 11. जलोढ़ मृदा के दो प्रमुख प्रदेशों के नाम बताइए। (2)

प्रश्न 12. देश के दो प्रमुख उत्पादक पट्टियों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 13. जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए। (2)

प्रश्न 14. निम्नीकरण व अधिवृद्धि का क्या तात्पर्य है। (3)

प्रश्न 15. मौसम और जलवायु में तीन अन्तर बताइए। (3)

प्रश्न 16. भू–स्खलन के तीन परिणाम लिखिए। (3)

प्रश्न 17. पूर्वी तटीय मैदान व पश्चिमी तटीय मैदान में तीन अन्तर बताइए। (3)

प्रश्न 18. श्वेत क्रान्ति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (3)

प्रश्न 19. पर्यटन के लिए कोकण रेलवे की क्या संभावना है ? (3)

प्रश्न 20. वलन तथा भ्रंशन में अन्तर बताइए। (4)

अथवा

ऊर्ध्वाधर तथा क्षैतिज हलचलों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. जैव मंडल के विभिन्न घटकों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

सतत पोषणीय के लिए अपनायी गई कार्य नीतियों को लिखिए।

प्रश्न 22. मृदा संरक्षण के लिए अपनाए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

जल संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. भारत में जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले चार कारकों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

ग्रामीण अधिवासों के प्रकार को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 24. अहमदाबाद–मुम्बई पुणे क्षेत्र में सूती वस्त्र उद्योग के संकेन्द्रित होने के क्या कारण है ? (5)

अथवा

रेल परिवहन की तुलना में सड़क परिवहन की श्रेष्ठता सिद्ध कीजिए।

प्रश्न 25. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए– (5)

$82\frac{1}{2}^{o}$ पूर्वी देशांतर रेखा, नीलगिरी पर्वत, थार का मरूस्थल, कच्छ की खाड़ी, नर्मदा नदी।

अथवा

कर्क रेखा, मुम्बई, अरावली पर्वत, महानदी, बंगाल की खाड़ी।

प्रश्न 26. महासागरीय धाराओं के प्रभाव को समझाइए। (6)

अथवा

महासागरों के बेसिनों को कितने भागों में बाटा गया है। प्रत्येक भाग का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

प्रश्न 27. वायु मंडल की संरचना का वर्णन आरेख की सहायता से कीजिए।

अथवा

ऊष्मा बजट को आरेख बनाकर स्पष्ट कीजिए।